राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'अन्तर्राष्ट्रीय' महिला दिवस' के अवसर पर राज्य की महिलाओं को शुभकामनाएँ दी

पटना, 07 मार्च 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' (8 मार्च) के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों, विशेषतः बिहार प्रदेश एवं भारतवर्ष की सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि राष्ट्र की समग्र प्रगति में महिलाओं की अग्रणी भूमिका रही है। ज्ञान–विज्ञान, कला–संस्कृति सहित जीवन के हरेक क्षेत्र में नारियों की उपलब्धियाँ अत्यन्त महत्वपूर्ण रही हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार भी महिलाओं की बहुमुखी प्रगति हेतु विकासपरक एवं कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति से भी हमें नारियों के प्रति सदैव सम्मान–भाव रखने तथा महिला–सशक्तीकरण हेतु तत्पर रहने की प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर बिहार राज्यवासी एवं देश की सभी महिलाओं की बहुमुखी प्रगति की मंगलकामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

....